# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

## विद्या परिषद् का 57वां उपवेशन

# 16 जुलाई 2025

## कार्यवाही विवरण

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

प्रशासनिक खण्ड नागौर रोड़, करवड़, जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Akhilesh Kumar Pipal
Designation : Registrar
Date: 2025.07.29 14:43:46 IST
Reason: Approved

AC - 02

RajKaj Ref No.: 16844609

फोनः 0291 -5153702
0291 -5153704

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्
# राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

**प्रशासनिक खण्ड नागौर रोड़, कड़वड़, जोधपुर (पिन नं. 342037)**
**Web side : www.raujodhpur.org , E-mail- rau_jodhpur@yahoo.co.in**

क्रमांक :- रा.आ.वि./एके/एफ-3/(AC)/(01)/ /06-07/ दिनाँकः

## कार्यवाही विवरण - विद्या परिषद्

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की विद्या परिषद् का **56**वां उपवेशन दिनाँक **16.07.2025** को माननीय कुलपति महोदय प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में दोपहर **12.30** बजे व्यक्तिशः/विडियो कॉफ्रेंस द्वारा विश्वविद्यालय के करवड़, नागौर रोड़, जोधपुर स्थित प्रशासनिक खण्ड में आयोजित किया गया, जिसमें निम्नलिखित सदस्यगण व्यक्तिशः उपस्थित हुए :-

1. प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलपति एवं अध्यक्ष, डॉ. एस.आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. प्रो. महेन्द्र कुमार शर्मा, अधिष्ठाता (आयुर्वेद संकाय) एवं प्राचार्य, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, जोधपुर
3. प्रो. ए. नीलिमा, प्रोफेसर, पी.जी.आई.ए., जोधपुर
4. डॉ. राजाराम अग्रवाल, एसो.प्रोफेसर, रसशास्त्र एवं बी.के. विभाग, पी.जी.आई.ए., जोधपुर
5. डॉ. किशोरी लाल शर्मा, एसो.प्रोफेसर, स्नातकोत्तर क्रिया शरीर विभाग, मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर
6. कुलसचिव, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

**उपवेशन में निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉफ्रेंस द्वारा ऑन-लाईन उपस्थित हुए :-**

1. प्रो. जयराम चौधरी, अधिष्ठाता (होम्योपैथी संकाय) एवं निदेशक, स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च संस्थान, जयपुर
2. प्रो. मोहम्मद आजम अंसारी, अधिष्ठाता (यूनानी संकाय) एवं प्राचार्य, राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जयपुर
3. प्रो. शिव कुमार भारद्वाज, प्राचार्य, शिरड़ी साई बाबा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, रेनवाल जयपुर
4. प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, प्रोफेसर, पी.जी.आई.ए., जोधपुर
5. प्रो. प्रदीप शर्मा, युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं [illegible] संस्थान, अलवर
6. प्रो. मोहम्मद जावेद, राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Akhilesh Kumar Pipal
Designation : Registrar
Date: 2025.07.29 14:43:46 IST
Reason: Approved

सर्वप्रथम विद्या परिषद् दिनाँक **16** जुलाई **2025** को आयोजित उपवेशन में उपस्थित सदस्यों का माननीय कुलपति महोदय के स्वागतोपरान्त मद पर बिन्दुवार चर्चा प्रारम्भ की गई :-

| क्र.सं. | एजेण्डा बिन्दु विवरण | विद्या परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय |
|---|---|---|
| **1.** | विद्या परिषद् के उपवेशन दिनाँक 10 मार्च 2025 के अनुपालना का अनुमोदन। | सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |
| **2.** | सत्र 2025-26 की सम्बद्धता हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर आयुर्वेद / होम्योपैथी / यूनानी / योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालयों एवं बी.एससी. नर्सिंग (आयुर्वेद) महाविद्यालयों, राज्य सरकार से नवीन अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर आवेदन करने एवं निजी संस्थानों द्वारा एक वर्षीय व द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन करने पर निरीक्षकों की नियुक्ति की कार्योत्तर स्वीकृति, निरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन का स्क्रिनिंग कमेटी द्वारा स्क्रिनिंग कर प्राप्त रिपोर्ट पर विचार-विमर्श। | सत्र 2025-26 की सम्बद्धता हेतु निरीक्षकों की नियुक्ति की कार्योत्तर स्वीकृति सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही जिन महाविद्यालयों में शैक्षणिक संकाय का विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदन नहीं करवाया गया है उन्हें शैक्षणिक संकाय के अनुमोदन एवं शैक्षणिक संकाय की कार्मिकों की पूर्ति की शर्त पर सम्बद्धता प्रदान करने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।<br>साथ ही आयुर्वेद के अन्य विषयों हेतु शैक्षणिक संकाय उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार को पत्र लिखने हेतु निर्देशित किया गया। |
| **3.** | **परीक्षा व गोपनीय शाखा द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श।** | |
| | 1. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा माह मार्च-अप्रेल, 2025 की समस्त परीक्षाओं Unfair Means Case अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। | सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |
| | 2. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में सूचना अधिकार-2005 के तहत उत्तपुस्तिका अवलोकन हेतु छात्र द्वारा मुख्य परीक्षा परिणाम के 15 दिवस तक ऑफलाईन आवेदन करने की अवधि निर्धारित विद्या परिषद् दिनांक 25.10.2024 एवं प्रबंध बोर्ड उपवेशन दिनांक 19.12.2024 में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया था लेकिन वर्तमान में सूचना अधिकार - 2005 के तहत छात्र द्वारा आवेदन करने की प्रक्रिया को ऑनलाईन कर दिया गया है इसलिये छात्र द्वारा सूचना अधिकार-2005 के तहत उत्तपुस्तिका अवलोकन के लिये आवेदन हेतु आवेदन की समय सीमा को मुख्य परीक्षा परिणाम के 07 दिन निर्धारित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। | सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |

Signature valid
Digitally signed by Akhilesh Kumar Pipal
Designation : Registrar
Date: 2025.07.29 14:43:46 IST
Reason: Approved

| क्र.सं. | एजेण्डा बिन्दु विवरण | विद्या परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय |
|---|---|---|
| | 3. विश्वविद्यालय से प्रवेशित डी.ए.एन.एण्ड पी. पाठ्यक्रम के छात्रों को पाठ्यक्रम पूर्ण व इंटर्नशिप करने की समय सीमा निर्धारित नही है इसलिये डी.ए.एन.एण्ड पी. की परीक्षाऐं उत्तीर्ण करने हेतु प्रबंध मण्डल निर्णय के पश्चात् अधिकतम दो वर्ष निर्धारित किया जाना, साथ ही परीक्षा उत्तीर्ण पश्चात् एक वर्ष तक इंटर्नशिप पूर्ण किये जाने एवं इस समयावधि में पाठ्यक्रम पूर्ण नही करने वाले छात्रों का प्रवेश स्वतः ही निरस्त माने जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। | विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेशित डी.ए.एन. एण्ड पी. पाठ्यक्रम के छात्रों का प्रबंध मण्डल के अनुमोदन के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अधिकतम 02 वर्ष तक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता (Eligible) का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया तथा डी.ए.एन. एण्ड पी. द्वितीय वर्ष परीक्षा पूर्ण करने के पश्चात् अधिकतम 01 वर्ष की अवधि के अन्दर इंटर्नशिप पूर्ण करना अनिवार्य किए जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इसके पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में सम्मलित नहीं किया जाएगा एवं छात्र का प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।<br>साथ ही, निर्णय लिया गया कि डी.ए.एन. एण्ड पी. पाठ्यक्रम इंटर्नशिप के साथ पूर्ण करने की अवधि अधिकतम 06 वर्ष होनी चाहिए। इस तरह का पत्र राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग कौंसिल, जयपुर को भिजवाया जाना उचित रहेगा। |
| | 4. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में बी.ए.एम.एस./बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम के बैच 2021 से प्रवेशित समस्त छात्रों एवं बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम के बैच 2022 से प्रवेशित समस्त छात्रों के प्रश्न पत्रों में बहुवैकल्पिक प्रश्न होते है। परीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के पश्चात् भी बहुवैकल्पिक प्रश्नों में त्रुटियां देखने को मिल रही है। बहुवैकल्पिक प्रश्नों के मूल्यांकन में त्रुटियों से बचने के लिये परीक्षा नियंत्रक के निर्देशन में कर्मचारी/अधिकारी/शिक्षकों से बहुवैकल्पिक प्रश्नों को पुनः जांच करवाने एवं उक्त कार्य के लिये प्रति बहुवैकल्पिक प्रश्न 1 रूपये मानदेय निर्धारण किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। | विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली आगामी परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्नों के स्थान पर अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न (एक से 10 शब्द अधिकतम) प्रश्न-पत्रों में दिए जाए। साथ ही, एतद् बाबत NCISM/NCH, नई दिल्ली को इस संदर्भ का पत्र सूचनार्थ प्रेषित किया जाना है। महाविद्यालय अपने स्तर पर PA एवं TA जो कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाते है, उनमें बहुविकल्पीय प्रश्न अथवा अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न अपने स्तर पर आयोजित कर सकते हैं का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 4. | Program Guide "Interdisciplinary Course" between the PG Department of Shalya Tantra & PG Department of Stri Roga-Prasuti Tantra discussion. | सर्वसम्मति से अनुमोदित किया [illegible] सम्पूर्ण कार्य विभागीय स्तर पर करा[illegible] जाने का अनुमोदन किया गया। |

Signature valid
Digitally signed by Akhilesh Kumar Pipal
Designation : Registrar
Date: 2025.07.29 14:43:46 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16844609

| क्र.सं. | एजेण्डा बिन्दु विवरण | विद्या परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय |
|---|---|---|
| **5.** | PG dept of stree roga prasuti tantra is planning to initiate a certificate course on Garbhasanskar in collaboration with samvardhini nyas, New delhi for the graduates of BAMS, BHMS & MBBS. the detailed proposal is hereby submitted for your kind perusal. | सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही सम्पूर्ण कार्य विभागीय स्तर पर करवाया जाने का अनुमोदन किया गया। BAMS/BHMS/MBBS के स्थान पर कोई भी मेडिकल उपाधि धारक को करने के लिए पात्र माना जाए। शेष नियम यथावत रहेंगे। |
| **6.** | बी.एससी. होम्योपैथी नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु गठित समिति द्वारा तैयार पाठ्यक्रम पर विचार-विमर्श। | सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| **7.** | अनुसंधान बोर्ड उपवेशन 14 जुलाई 2025 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। | अनुसंधान बोर्ड उपवेशन 14 जुलाई 2025 के **एजेण्डा बिन्दु संख्या-6** में प्रत्येक पर्यवेक्षक को दो अर्न्तराष्ट्रीय/आन्तरिक विभागीय पीएच.डी. शिक्षक शोधार्थियों को अतिरिक्त आधार पर मार्गदर्शन करने की अनुमति प्रति वर्ष दिये जाने का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।<br>शेष सभी एजेण्डा बिन्दुओं का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| **8.** | Credit Score are to be adopted as per NEP. | विश्वविद्यालय में क्रेडिट स्कोर को एन.ई.पी. के अनुसार अपनाए जाने हेतु एक समिति का गठन किए जाने का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। समिति निम्नानुसार हैः-<br>**1.** प्रो. जयराम चौधरी, अधिष्ठाता (होम्योपैथी संकाय) - **अध्यक्ष**<br>2. अधिष्ठाता (आयुर्वेद/यूनानी/योग)।<br>3. प्रो. अशोक शर्मा, प्राचार्य, म.मो.मा. राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर<br>4. प्रो. चन्दन सिंह, प्राचार्य, पीजीआईए, जोधपुर<br>5. प्रो. शिव कुमार भारद्वाज, प्राचार्य, शिरड़ी साई बाबा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, रेनवाल जयपुर<br>6. प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास, प्राचार्य, महात्मा ज्योतिबा फुले आयुर्वेद महाविद्यालय, चोंमू, जयपुर<br>7. डॉ. सरफराज हुसैन, सहा.प्रो.(यू.टी.बी.),यूसीयू, टोंक<br>8. डॉ. सचिन मित्तल, म.मो.मा. राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर<br>9. डॉ. [illegible] सिंघल, पीजीआईए, जोधपुर<br>10. डॉ. राकेश गुप्ता, एसो.प्रो.(यू.टी.बी.), यू.सी.एन.वाई.एस., जोधपुर<br>11. डॉ. Yashasvi Sha[illegible], एसो.प्रो.(यू.टी.बी.), यू.सी.एच., जोधपुर (सदस्य सचिव) |

Signature valid
Digitally signed by Akhilesh Kumar Pipal
Designation : Registrar
Date: 2025.07.29 14:43:46 IST
Reason: Approved

| क्र.सं. | एजेण्डा बिन्दु विवरण | विद्या परिषद् द्वारा लिया गया निर्णय |
|---|---|---|
| **9.** | अनुपूरक एजेण्डा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।<br>1. विश्वविद्यालय के पी.जी.आई.ए., जोधपुर में कार्यरत शिक्षकों के लिए CAS (Cariar Advanced Scheme) लागू किये जाने के सन्दर्भ में विचार-विमर्श। | 1. विश्वविद्यालय के पी.जी.आई.ए., जोधपुर में कार्यरत शिक्षकों को यू.जी.सी के नियमानुसार CAS (Cariar Advanced Scheme) लागू किये जाने हेतु राज्य सरकार को पत्र लिखा जाने का निर्णय लिया गया। जब तक स्वीकृति नहीं प्राप्त होती है तब तक एन.सी.आई. एस.एम. नोर्म्स के आधार पर अनुभव पूर्ण कर चुके शिक्षकों को उनके कैडर के अनुसार बिना किसी वित्तीय लाभ के पद स्थापित करने का निर्णय लिया गया। |
| | 2. Approval of different Courses run by European Ayurveda Academy, France and Association Ayurved Acadey, UK (MOU Partners) in joint Collaboration with Dr. SR Rajasthan Ayurved University, Jodhpur. | सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। (ऑनलाईन माध्यम से) |

अन्त में धन्यवाद के साथ उपवेशन समाप्त हुआ। (पृष्ठ संख्या 02 से 07 तक)।

**कुलसचिव**
**(सदस्य सचिव)**

Signature valid
Digitally signed by Akhilesh Kumar Pipal
Designation : Registrar
Date: 2025.07.29 14:43:46 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16844609